

दैनिक

हलचल बीकाणा

संपर्क करें
दैनिक हलचल बीकाणा
में समाचार, आलेख और विज्ञापन, सूचनाएं प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
मो. 9667856111
E-mail
hulchalbikana@gmail.com

वर्ष :7 | अंक : 289 | बीकानेर, रविवार 8 नवम्बर, 2026 | पृष्ठ : 4 | एक प्रति 3 रूपए

दीपावली पर रोशनी से नहाया बीकानेर, रंग-बिरंगी सजावट ने बिखेरी अद्भुत छटा

कोटगेट से पंचशती सर्किल तक जगमगाए बाजार, ऐतिहासिक इमारतों की खूबसूरती में लगे चार चांद, खरीदारी के लिए उमड़ी भीड़, आतिशबाजी और धार्मिक परंपराओं के बीच मनाया गया दीपोत्सव

बीकानेर। मरुधरा की सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक पहचान और परंपराओं के लिए प्रसिद्ध बीकानेर में दीपावली का पर्व इस बार भी पूरे उल्लास, उमंग और उत्साह के साथ मनाया गया। दीपोत्सव के अवसर पर पूरा शहर रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठा। शहर के प्रमुख बाजारों, ऐतिहासिक दरवाजों, चौराहों और व्यावसायिक क्षेत्रों में की गई आकर्षक विद्युत सजावट ने बीकानेर की खूबसूरती में चार चांद लगा दिए। शाम ढलते ही शहर का नजारा देखते ही बन रहा था। ऐसा लग रहा था मानो पूरा बीकानेर रोशनी की चादर ओढ़कर दीपोत्सव का स्वागत कर रहा हो।

दीपावली की तैयारियां कई दिन पहले से ही शुरू हो गई थीं। शहर के प्रमुख बाजारों में दुकानों और प्रतिष्ठानों को आकर्षक लाइटों, झालरों और सजावटी विद्युत उपकरणों से सजाया गया। कोटगेट, पंचशती सर्किल और



शहर के अन्य प्रमुख बाजारों में की गई विशेष सजावट लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। रंग-बिरंगी लाइटों से सजे बाजारों में देर रात तक चहल-पहल बनी रही। बाजारों की सड़कों और दुकानों पर रोशनी का ऐसा नजारा दिखाई दिया कि लोग खरीदारी के साथ-साथ सजावट को अपने मोबाइल कैमरों में कैद करते नजर आए।

ऐतिहासिक कोटगेट की खूबसूरती ने मोहा मन

बीकानेर की पहचान माने जाने वाले ऐतिहासिक कोटगेट क्षेत्र में दीपावली पर विशेष रौनक देखने को मिली। लाल बलुआ पत्थर से बने ऐतिहासिक दरवाजे और आसपास की पुरानी इमारतें रंगीन रोशनी से जगमगाती नजर आईं। पारंपरिक स्थापत्य कला और आधुनिक विद्युत सजावट का यह संगम शहरवासियों के साथ बाहर से आने वाले लोगों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बना।

कोटगेट क्षेत्र के बाजारों में पारंपरिक वस्तुओं, मिठाइयों, पूजन सामग्री, कपड़ों, आभूषणों और सजावटी सामान की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ रही। दुकानदारों ने भी अपने प्रतिष्ठानों को आकर्षक ढंग से सजाया। बाजारों में परिवारों के साथ पहुंचे लोगों ने खरीदारी के साथ दीपावली की खुशियों का आनंद लिया।


पंचशती सर्किल सहित प्रमुख बाजारों में आकर्षक सजावट

पंचशती सर्किल और आसपास के क्षेत्रों में भी दीपावली की विशेष सजावट देखने को मिली। रंग-बिरंगी विद्युत लाइटों और आकर्षक झालरों से सजे बाजारों ने शहर की सुंदरता को नया रूप दिया। प्रमुख मार्गों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर की गई रोशनी ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया।शाम के समय इन क्षेत्रों में लोगों की आवाजाही बढ़ गई। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी दीपावली की रौनक देखने के लिए घरों से बाहर निकले। कई स्थानों पर लोग परिवार और मित्रों के साथ सजावट के बीच तस्वीरें लेते नजर आए। सोशल मीडिया पर भी बीकानेर की जगमगाती तस्वीरें और वीडियो साझा किए गए।

बाजारों में खरीदारी का उत्साह, देर रात तक रही चहल-पहल

दीपावली के अवसर पर बीकानेर के बाजारों में खरीदारी का विशेष उत्साह देखने को मिला। मिठाइयों, नमकीन, ड्राई फ्रूट्स, मिट्टी के दीपकों, रंगोली, सजावटी सामान और पूजन सामग्री की दुकानों पर ग्राहकों की अच्छी भीड़ रही। घरों को सजाने के लिए लोगों ने आकर्षक लाइटें, बंदनवार, फूलमालाएं और अन्य सजावटी वस्तुओं की खरीदारी की।





इजराइल में नए प्रधानमंत्री का ऐलान आज

तेल अवीव। इजराइल में अगला प्रधानमंत्री कौन होगा इसका ऐलान राष्ट्रपति इसाक हर्जोग रविवार को करेंगे। सरकार बनाने के लिए 61 सांसदों का समर्थन चाहिए। गादी आइजनकोट के गठबंधन को 6 पार्टियों के 67 सांसदों ने समर्थन दिया है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के पास मात्र 46 सांसदों का समर्थन है। इस कारण माना जा रहा है कि राष्ट्रपति उन्हें सरकार बनाने का पहला मौका नहीं देंगे। इजराइल में अब तक किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला है। यही वजह है कि यहां हमेशा गठबंधन की सरकारें बनती रही हैं।





जोड़बीड़ आवासीय योजना में मकान बनाने वाले पहले 21 आवंटियों को मिलेंगी कई राहतें

खाद्य मंत्री ने अधिकारियों और आवंटियों की मौजूदगी में किया संवाद

बीकानेर, 7 नवम्बर। जोड़बीड़ आवासीय योजना में मकान बनाकर रहने वाले पहले 21 आवंटियों को बीकानेर विकास प्राधिकरण द्वारा लगभग 70 हजार रुपए निर्माण शुल्क (लेबर सेस के अलावा) की छूट दी जाएगी। साथ ही इन इक्कीस आवंटियों के घरों में 50 हजार रुपए की लागत से रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर का निर्माण भी बीडीए द्वारा ही करवाया जाएगा।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री सुमित गोदारा ने शनिवार को जोड़बीड़ आवासीय योजना में आयोजित जनसुनवाई एवं संवाद कार्यक्रम के दौरान यह घोषणा की। इस दौरान बीकानेर विकास प्राधिकरण आयुक्त श्रीमती खेहल धायगुड़े नाना, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) श्री उम्मेद सिंह रतनू, बीडीए उपायुक्त श्री कुणाल राहड़, उप महापौर श्री पंकज गहलोत, श्री तेजा राम मेघवाल, अधिशासी अभियंता श्रीमती वंदना शर्मा, निदेशक (प्लानिंग) श्री पुनीत शर्मा सहित अन्य अधिकारी और आवंटी मौजूद रहे।

इस दौरान श्री गोदारा ने कहा कि जोधपुर आवासीय योजना राज्य सरकार और स्थानीय बीडीए प्रशासन के लिए अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना है। यहां लगभग 5600 भूखंड हैं। इन सभी भूखण्डों पर मकान बनने पर यह बहुत बड़ी आवासीय योजना का रूप ले लेगी। उन्होंने कहा कि इस आवासीय योजना का विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें धन और संसाधनों की किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।



बनेगी 12 मीटर चौड़ी रोड, लाइट्स से रोशन होगी सड़कें

खाद्य मंत्री ने बीकानेर विकास प्राधिकरण आयुक्त को निर्देश दिए की शिवबाड़ी चौराहे से शिवबाड़ी मंदिर तक की 800 मीटर सड़क को 7 मीटर से बढ़ाकर 12 मीटर चौड़ा किया जाए। इसके दोनों तरफ लाइटें लगाएं तथा नाली की व्यवस्था भी हो। उन्होंने शिवबाड़ी मंदिर से उच्च अनुसंधान केंद्र तिराहे तक 2.6 किलोमीटर लंबी सड़क के दोनों तरफ रोड लाइट लगाने, इस रोड पर वाइट लाइनिंग करने तथा केट आईज लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने उच्च अनुसंधान केंद्र तिराहे पर हाई मास्क लाइट लगाने तथा उच्च अनुसंधान केंद्र से जोड़बीड़ आवासीय योजना के मुख्य द्वार तक दोनों तरफ रोड लाइट दुरुस्त करने के लिए भी निर्देशित किया।

आकर्षक हो मुख्य द्वार, लगाएं साइन बोर्ड, पौधारोपण के दिए निर्देश

मंत्री श्री गोदारा में कहा कि आवासीय योजना की हाई मास्क लाइट अविलंब चालू की जाए। कॉलोनी के अंदर सभी रोड लाइटें अधिकतम एक महीने में अनिवार्य रूप से लगा दी जाएं। मुख्य द्वार को आकर्षक बनाया जाए तथा इसका सौंदर्यकरण किया जाए। साथ ही कॉलोनी परिसर में अधिक से अधिक पौधे लगाने, साइन बोर्ड बनाने तथा मुख्य द्वार के पास पड़ी मिट्टी को उठवाने के निर्देश दिए।

पेयजल और विद्युत सप्लाई से लेकर सुरक्षा तक ही होगी पुख्ता व्यवस्था

खाद्य मंत्री ने आवासीय कॉलोनी परिसर में पेयजल और विद्युत की सुचारू सप्लाई सहित सुरक्षा व्यवस्था चौक चौबंद करने के निर्देश दिए। इस संबंध में बीकानेर विकास प्राधिकरण आयुक्त ने बताया कि जोड़बीड़ आवासीय योजना में पेयजल की स्थाई व्यवस्था के लिए 30 करोड़ रुपए की योजना बनाकर जलदाय विभाग को स्वीकृति के लिए भेज दी गई है। अगले सप्ताह तक यह स्वीकृति मिलने के साथ ही पेयजल सुविधा विकास से जुड़े कार्य प्रारंभ करवा दिए जाएंगे। खाद्य मंत्री ने निर्देश पर अतिरिक्त कलेक्टर (प्रशासन) ने बताया कि आवासीय योजना में होमगार्ड के छह जवान यहां राउंड दा क्लॉक नियुक्त किए जाएंगे। श्री गोदारा ने इनके लिए कक्ष बनाने और सुरक्षा कक्ष का हेल्पलाइन नंबर साझा करने के निर्देश दिए। बीडीए आयुक्त ने बताया कि कॉलोनी में विद्युत तंत्र विकसित करने के लिए बीकानेर इलेक्ट्रिकल सप्लाई लिमिटेड को 4.24 करोड़ रुपए हस्तान्तरित कर दिए गए हैं। आवंटी द्वारा विद्युत कनेक्शन के आवेदन करने के साथ ही प्राथमिकता से उन्हें कनेक्शन उपलब्ध करवा दिया जाएगा।

बीडीए आयुक्त ने बताया कि कॉलोनी के ब्लॉक्स के डिमार्केशन का कार्य किया जा रहा है। कॉलोनी परिसर में सड़कों के लिए 9 करोड़ रुपए स्वीकृत करते हुए कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। खाद्य मंत्री ने कहा कि जो आवंटी, अपने प्लॉट्स पर आवास बनाना चाहते हैं, वे इसके लिए अप्लाई करें, आवेदन के दस दिन में बीडीए द्वारा आवेदकों के प्लॉट्स का डिमार्केशन कर दिया जाएगा। उन्होंने प्रत्येक ब्लॉक के कॉर्नर प्लॉट्स का डिमार्केशन प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी निर्देशों की नियमित समीक्षा की जाएगी।



केंद्रीय मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल ने जवानों के साथ मनाई दीपावली

बीकानेर। केंद्रीय कानून मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल ने शुक्रवार को बीकानेर मिलिट्री स्टेशन पहुंचकर देश की सुरक्षा में तैनात सेना के जवानों के साथ दीपावली का त्योहार मनाया। इस अवसर पर उन्होंने जवानों को मिठाई खिलाई और दीपावली की शुभकामनाएं दी।

केंद्रीय मंत्री ने जवानों से मुलाकात कर उनके साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं। उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं की सेवा एवं सुरक्षा में समर्पित हमारे वीर जवानों का साहस, शौर्य, त्याग और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। देश की सीमाओं की रक्षा के प्रति उनका समर्पण प्रत्येक देशवासी को गौरवान्वित करता है।

उन्होंने कहा कि जवानों की मुस्तैदी और कर्तव्यनिष्ठा के कारण ही देशवासी सुरक्षित वातावरण में त्योहार मना पाते हैं। उन्होंने कहा कि वे प्रति वर्ष दीपावली के अवसर पर सैनिकों के बीच पहुंचकर उनके साथ खुशियां साझा करते हैं और उनके प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हैं।

इस दौरान डॉ. सत्य प्रकाश आचार्य, श्री अशोक प्रजापत एवं श्री पंकज अग्रवाल भी साथ रहे।

दीपावली पर विधायक श्री जेठानंद व्यास ने दी शुभकामनाएं, दिसंबर से शुरू होगा 39 वार्डों का स्वच्छता सर्वेक्षण



बीकानेर, 7 नवम्बर। बीकानेर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री जेठानंद व्यास ने शहरवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कामना की है कि दीपावली का यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, संपत्ति और समृद्धि लेकर आए।

इस अवसर पर विधायक श्री व्यास ने घोषणा की कि दिसंबर माह से विधायक जन सुनवाई केंद्र द्वारा बीकानेर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के सभी 39 वार्डों में स्वच्छता सर्वेक्षण करवाया जाएगा। इसके लिए एक कमेटी का गठन किया जाएगा, जो नियमित रूप से सभी वार्डों का निरीक्षण कर स्वच्छता व्यवस्था का आकलन करेगी।

उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान सबसे स्वच्छ पाए जाने वाले वार्ड के सफाई कार्मिकों को प्रतिमाह विधायक जनसुनवाई केंद्र पर सम्मानित किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य शहर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सफाई व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाना है।

बीकानेर इंजीनियरिंग कॉलेज के 185 कार्मिकों को मिला 1.90 करोड़ रुपए का लंबित पीएफ भुगतान

10-12 वर्षों से अटका था पीएफ का भुगतान, विधायक श्री जेठानंद व्यास की पहल पर दीपावली के अवसर पर कर्मचारियों के खातों में पहुंची राशि

बीकानेर । बीकानेर इंजीनियरिंग कॉलेज में कार्यरत कार्मिकों का पिछले 10-12 वर्षों से लंबित चल रहा भविष्य निधि (पीएफ) का भुगतान दीपावली के अवसर पर किया गया। यह भुगतान, विधायक श्री जेठानंद व्यास की पहल और निर्देश पर कॉलेज प्रशासन द्वारा 185 कार्मिकों के खातों में कुल 1.90 करोड़ रुपए की राशि सीधे हस्तांतरित की गई।



विधायक श्री जेठानंद व्यास के निर्देशों की पालना में कॉलेज के प्राचार्य श्री संजीव जैन ने इस लंबित राशि का भुगतान सुनिश्चित करते हुए सभी 185 कार्मिकों के बैंक खातों में राशि हस्तांतरित की। लंबे समय से पीएफ भुगतान की प्रतीक्षा कर रहे कर्मचारियों को दीपावली के अवसर पर यह राशि मिलने से राहत मिली।

इस पहल के लिए विधायक श्री जेठानंद व्यास ने प्राचार्य श्री संजीव जैन का आभार व्यक्त किया तथा कर्मचारियों के हित में लंबित भुगतान की प्रक्रिया पूरी करवाने के लिए कॉलेज प्रशासन के प्रयासों की सराहना की।











स्वत्वाधिकारी मुद्रक व प्रकाशक ममता पुरोहित के लिए तिलोक प्रिंटिंग प्रेस, मोहता चौक, बीकानेर से मुद्रित तथा कार्यालय 13/340 मुक्ताप्रसाद नगर बीकानेर से प्रकाशित। संपादक - *पीयूष पुरोहित पीआरबी एक्ट के ख़बरों के चयन के लिए उत्तरदायी। RAJHIN14980 मो. 9667856111